INTERNATIONAL HEADQUARTERS

# जनरल का क्रिसमस संदेश 2024

इस साल की शुरुआत में मुझे मुक्ति फ़ौज की यूएसए वेस्टर्न टेरिटरी में टेस्टीफाई कांग्रेस में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उस सप्ताहांत में कई मुख्य आकर्षण थे, लेकिन मेरे लिए सबसे खास बात थी परिवर्तन की अद्‌भुत कहानियाँ। वे पुरुष और महिलाएँ जिनके जीवन तब परिवर्तित हो गए जब उन्होंने यीशु मसीह के व्यक्तित्व में होकर स्वयं के प्रति परमेश्वर के प्रेम को देखा। 'क्योंकि परमेश्वर जगत से ऐसा प्रेम रखता है...' – हाँ, मैंने काल बदल दिया। वास्तव में आयत इस प्रकार है, 'क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया' (यूहन्ना 3:16)। फिर भी परमेश्वर का प्रेम आज भी उतना ही वास्तविक, सच्चा और गहरा है जितना कि उस पहले क्रिसमस के दिन था। यह परमेश्वर के प्रेम और सभी लोगों के लिए उसकी योजना का सबसे बड़ा प्रमाण है – उसके पुत्र का उपहार, हमारे उद्धार का उपहार – न केवल अतीत के लिए था, बल्कि वर्तमान के लिए भी। यह वह खुशखबरी है जिसका जश्न हम क्रिसमस पर मनाते हैं।

यह समाचार कई अरसे पहले सबसे पहले भविष्यवक्ता यशायाह द्वारा दिया गया था: 'क्योंकि हमारे लिये एक बालक उत्पन्न हुआ, हमें एक पुत्र दिया गया है; और प्रभुता उसके काँधे पर होगी, और उसका नाम अद्‌भुत युक्ति करनेवाला पराक्रमी परमेश्वर, अनन्तकाल का पिता, और शान्ति का राजकुमार रखा जाएगा। उसकी प्रभुता सर्वदा बढ़ती रहेगी, और उसकी शान्ति का अन्त न होगा' (यशायाह 9: 6-7)।

यीशु के जन्म पर स्वर्गदूतों द्वारा इसे फिर से घोषित किया गया था: 'और उस देश में कितने गड़ेरिये थे, जो रात को मैदान में रहकर अपने झुण्ड का पहरा देते थे। और प्रभु का एक दूत उनके पास आ खड़ा हुआ, और प्रभु का तेज उनके चारों ओर चमका, और वे बहुत डर गए। तब स्वर्गदूत ने उनसे कहा, "मत डरो; क्योंकि देखो, मैं तुम्हें बड़े आनन्द का सुसमाचार सुनाता हूँ जो सब लोगों के लिये होगा, कि आज दाऊद के नगर में तुम्हारे लिये एक उद्धारकर्ता जन्मा है, और यही मसीह प्रभु है। और इसका तुम्हारे लिये यह पता है कि तुम एक बालक को कपड़े में लिपटा हुआ और चरनी में पड़ा पाओगे।" तब एकाएक उस स्वर्गदूत के साथ स्वर्गदूतों का दल परमेश्वर की स्तुति करते हुए और यह कहते दिखाई दिया, "आकाश में परमेश्वर की महिमा और पृथ्वी पर उन मनुष्यों में जिनसे वह प्रसन्न है, शान्ति हो।" (लूका 2:8-14)।

बाइबिल हमें बताती है कि चरवाहे तुरंत वहाँ गए जहाँ यीशु था, और उसे देखकर उन्होंने तुरंत संदेश फैलाना शुरू कर दिया। मुझे यह बहुत अच्छा लगा! वे तुरंत अपना अनुभव साझा करने लगे। चरवाहों ने यीशु को पहचान लिया कि वह कौन था - उनका उद्धारकर्ता - और उन्होंने बाहर जाकर खुशखबरी साझा करने में कोई समय नहीं गंवाया। क्या गवाही है!

तब से विश्वासियों ने, हमारे उद्धारकर्ता, यीशु मसीह के माध्यम से परमेश्वर के पुत्र के बचाने, क्षमा करने, मुक्ति देने वाले कार्य के संदेश को फैलाने के मिशन को आगे बढ़ाया है। मैंने टेस्टीफाई में इसका सबूत देखा और सुना - लोग अपने जीवन में परमेश्वर की परिवर्तनकारी शक्ति का सुसमाचार साझा कर रहे थे, ठीक वैसे ही जैसे कई सालों पहले चरवाहों ने उस रात किया था।

अपनी पुस्तक, *सेक्रेड रिस्क* में, जनरल शॉ क्लिफ्टन (सेवानिवृत्त) लिखते हैं: 'क्रिसमस का सार यीशु में है। यीशु का नाम ही पूरे इतिहास में यह घोषणा करने के लिए काम आता है कि एक उद्धारकर्ता है। इसलिए तार्किक रूप से यह निष्कर्ष निकलता है कि यदि कोई उद्धारकर्ता है तो इसका मतलब है कि हमें बचाए जाने की आवश्यकता है। हालाँकि, इससे पहले कि हम अपने बचाए जाने की ज़रूरत को समझें, उद्धारकर्ता वहाँ मौजूद है। यह वही है जो हमें हमारी सबसे अहम ज़रूरतों के बारे में जाग्रत करता है, अपनी पवित्र आत्मा के माध्यम से हमें बड़ी हलीमी से अपने उद्धार के उपहार के प्रति प्रतिक्रिया करने के लिए प्रेरित करता है। इसलिए क्रिसमस उद्धारकर्ता के रूप में यीशु की खोज या पुनः खोज या पुष्टि करना है, और उसे खोजने में हम खुद को और अपनी वास्तविक स्थिति को खोजते हैं। '

INTERNATIONAL HEADQUARTERS

परमेश्वर आज भी पुरुषों और महिलाओं के हृदयों को बदल सकता है और उन्हें फिर से जीवित कर सकता है। और चरवाहों की तरह, हम अपने आस-पास के लोगों के साथ उस खुशखबरी की गवाही दे सकते हैं।

इस क्रिसमस पर, जब हम अपने उद्धारकर्ता के जन्म का जश्न मनाते हैं, तो आइए हम परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह हमें यीशु के वचन का सुसमाचार फैलाने के लिए पवित्र आत्मा के उत्साह से मज़बूत करे, ताकि और भी अधिक लोग परमेश्वर के प्रेम का अनुभव कर सकें, जैसा कि उसके इकलौते पुत्र और हमारे उद्धारकर्ता, परमेश्वर के पुत्र, यीशु मसीह में उपहार स्वरुप प्रकट हुआ है।

कमिश्नर ब्रॉनविन मेरे साथ हैं जबकि हम मिलकर इस क्रिसमस के समय में आपके लिए परमेश्वर से आशीषों की प्रार्थना करते हैं।

लिंडन बकिंघम
जनरल